हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 24. 0 डिग्री

बिलासपुर, शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



राज्योत्सव के दौरान विकास कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी पर दें ध्यान

4




## खबर संक्षेप

### संकेतक का अभाव से हादसे की वजह बन रहे नगर के अंधे मोड़

**जांजगीर-चांपा।** जिले के अनेक स्थानों पर आज भी संकेतक बोर्ड का अभाव बना हुआ है। जिसकी वजह से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। शारदा चौक, पेण्ड्री रोड, नैला रोड सहित आसपास गांवों के तिराहों में आज भी संकेतक बोर्ड का अभाव है। ज्यादा घुमाव होने के कारण वाहनों के आने का पता नहीं लग पाता है। इसके चलते आए दिन हादसे होते रहते हैं। कलक्ट्रेट नजदीक होने से अधिकारियों की गाड़ियां दिनभर इस ओर से निकलती हैं। इसके बावजूद ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### भगत चौक जांजगीर में अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ 2 से

**चांपा।** जिला मुख्यालय के पुरानी बस्ती स्थित नवनिर्मित भगत चौक में सैकड़ो वर्ष पुराने प्राचीन वट वृक्ष के नीचे मोहल्लावासियों द्वारा विगत वर्षो की भांति 64 वें वर्ष पर अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ का आयोजन आगामी 2 नवम्बर से 10 नवम्बर तक किया जायेगा। राम नाम सप्ताह यज्ञ के प्रारंभ दिवस 2 नवम्बर को भगत चौक पुरानी बस्ती संकीर्तन स्थल से कलश यात्रा कीर्तन मण्डली के साथ भगवती देवी दाई मंदिर भीमा तालाब तक निकाली जावेगी। तत्पश्चात वरूण कलश पूजन कर, कलश यात्रा संकीर्तन स्थल वापस होगी। साथ ही यज्ञ प्रारंभ हेतु देव आवाह्नन, स्थापना पूजा एवं स्वास्ति वाचन के साथ देव मूर्तियों की झांकी स्थापना की जावेगी। यज्ञ का समापन 9 नवम्बर को किया जावेगा और उसी शाम भव्य नगर यात्रा भी निकाली जावेगी। जहां श्रीकृष्ण राधा को पालकी में ऊठा पूरे नगर का भ्रमण कराया जावेगा। वही 10 नवम्बर को हवन, सहस्त्र धारा, ब्राम्हाण भोज का आयोजन किया जावेगा।

### चांपा थाना द्वारा एकता के लिए दौड़ का आयोजन आज

**चांपा।** भारत के लौह पुरूष तथा प्रथम केन्द्रीय गृह मंत्रीसरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकजुटता के प्रतीक के रूप में राष्ट्र भर में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत स्थानीय चांपा थाना परिवार द्वारा गुरूवार 31 अक्टूबर को सुबह 7 बजे से परशुराम चौक गौरव पथ से थाना परिसर के समक्ष स्थित शहीद स्मारक तक रन फॉर यूनिटी यानि एकता के लिए दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। नगर निरीक्षक जे.पी.गुप्ता ने नागरिकों, सामाजिक संगठनों, राजनीतिक, स्वयंसेवी, सुरक्षा समितियों सहित विभिन्न धर्म, जाति एवं समुदायों के लोगों के अलावा छात्र-छात्राओं से कार्यक्रम में सहभागिता निभाने का अनुरोध किया है।

### बम्हनीडीह में विख स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** बम्हनीडीह विकासखंड के ग्राम पंचायत अफरीद में विकासखण्ड स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। सांसद खेल महोत्सव का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को पहचान देना, युवाओं में खेल भावना, टीमवर्क, अनुशासन और स्वास्थ्य जीवनशैली के प्रति जागरुकता फैलाना है। कार्यक्रम में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन, एकता और आत्मविश्वास का प्रतीक है। सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से ग्रामीण भारत की प्रतिभा राष्ट्रीय मंच तक पहुंचेगी। इस अवसर पर जिपं उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, जिला पंचायत सदस्य सुश्री आशा साव, जनपद अध्यक्ष श्रीमति मनीषा चौहान, जनपद सदस्य श्रीमती शिखा राठौर, जनपद सीईओ सुश्री प्रज्ञा यादव सहित विभागीय अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## कई कृषकों का पूरा रकबा अब भी नहीं दिख रहा पोर्टल पर

# एग्रीस्टेक पंजीयन में सिर्फ एक दिन शेष अधूरे खसरे ने बढ़ाई किसानों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



धान खरीदी से पहले किसानों के लिए एग्री स्टेक पंजीयन अब परेशानी का सबब बन गया है। पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तय की गई है, यानी अब केवल एक दिन का समय शेष है। जिले में पंजीयन का काम लगभग पूर्णता की ओर है, लेकिन अधूरी प्रविष्टियों ने किसानों की नींद उड़ा दी है।

जिले में कुल 1 लाख 21 हजार 233 किसानों का समिति में पंजीयन हुआ है, जिनमें से 1 लाख 20 हजार 711 किसानों का एग्री स्टेक पोर्टल पर पंजीयन पूरा हो चुका है। केवल 522 किसानों का पंजीयन शेष है। हालांकि राहत की बात यह है कि पंजीयन लगभग पूरा हो गया है, पर चिंता की बड़ी वजह यह है कि जिन किसानों का पंजीयन हो चुका है, उनके सभी खसरा नंबर पोर्टल पर दर्ज नहीं हो रहे हैं।

### अधूरा खसरा, घटेगा धान बेचने का रकबा

अनेक किसानों ने शिकायत की है कि एग्री स्टेक पोर्टल पर केवल एक या दो खसरा नंबर ही दिखाई दे रहे हैं, जबकि बाकी भूमि का विवरण गायब है। कृषि विभाग के नियमों के अनुसार, किसान उतने ही रकबे में धान बेच पाएंगे, जितने खसरे पोर्टल पर पंजीकृत हैं। इसका अर्थ यह है कि यदि किसान के पास तीन एकड़ भूमि है और पोर्टल में केवल एक एकड़ का पंजीयन दिख रहा है, तो शेष दो एकड़ की फसल समर्थन मूल्य पर नहीं बिक सकेगी। राज्य सरकार द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जाती है। ऐसे में जिन किसानों के सभी खसरे दर्ज नहीं हुए हैं, उन्हें खरीदी केंद्रों में नुकसान झेलना पड़ सकता है। कई किसानों का कहना है कि वे अपनी पूरी फसल बेचने से वंचित हो सकते हैं, जबकि उनकी फसल पूरी तरह तैयार है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते त्रुटियां नहीं सुधारी गईं, तो खरीदी के समय भारी अव्यवस्था और भ्रम की स्थिति बन सकती है।

### खत्म हो एग्रीस्टेक की अनिवार्यता

कृषक चेतना मंच ने एग्री स्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन की अनिवार्यता का प्रावधान इस वर्ष शिथिल करने की मांग की है। किसानों का कहना है कि एग्रीस्टेक पोर्टल में जिस तरह से त्रुटि हो रही है। किसानों का पूरा रकबा नहीं दिख रहा है। जिससे आने वाले समय में धान बेचने में किसानों को ना केवल परेशानी होगी बल्कि उनके अधिकांश रकबे में धान की बिक्री भी नहीं हो जाएगी। ऐसे में पंजीयन की तिथि में वृद्धि करने के अलावा इस साल इस नियम की अनिवार्यता को भी शिथिल करने की मांग किसानों ने की है।

### पंजीयन आज तक

एग्रीस्टेक पंजीयन के लिए शुक्रवार तक का समय शासन द्वारा निर्धारित किया गया है। वहीं रकबे एवं खसरा में संशोधन कार्य धान खरीदी पूर्व तक चलेगा।

-विनय पटेल,
अधीक्षक भू अभिलेख
जांजगीर चांपा

### एग्रीस्टेक पर किसान पंजीयन को करें स्थगित

जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने एग्रीस्टेक पोर्टल पर किसान पंजीयन को स्थगित रखने की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। उक्ताशय का मांग पत्र ब्यास कश्यप के द्वारा कलेक्टर को सौंपा गया है। ज्ञापन के संबंध में जानकारी देते हुए जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस वर्ष किसानों को खरीफ फसल की धान बेंचने के पूर्व एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन करने का निर्देश जारी किया गया है। शासन के द्वारा किसानों को पंजीयन के लिए पर्याप्त समय नही दिया गया या कहें कि किसानों को पंजीयन के लिए प्रेरित नही किया गया जिसका परिणाम यह है कि आज आधे से अधिक किसान उक्त पोर्टल पर अपना पंजीयन नही कर पायें हैं। ऐसी जानकारी मिल रही है कि जिनका पंजीयन हो गया उनकी जानकारी भी अचानक पोर्टल से गायब हो जा रही है। कुछ किसानों का डाटा मैच नही हो रहा है जिसके कारण अप्रूवल में समस्या आ रही है। इस प्रकार से एग्रीस्टेक पोर्टल में कई प्रकार की खामियां हैं जिसके कारण किसानों का पंजीयन सफल नही हो पा रहा है। इसीलिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन से छूट देने की मांग विधायक ब्यास कश्यप ने किया है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी किसानों से धान क्रय किया जाए।

# 9 महीने से नहीं मिला जिला अस्पताल में कार्यरत सफाई कर्मचारियो को वेतन

## जिम्मेदार प्रबंधन नहीं दे रहा ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल मे कंपनी के माध्यम से सेवा प्रदान करने वाले करीब दो दर्जन से भी अधिक सफाई कर्मचारियो को 9 महीने बाद भी वेतन नही मिल पाया है। जिसके चलते उनके सामने आर्थिक समस्या खडी हो रही है। कर्मचारियो की इस समस्या से जिम्मेदार कंपनी प्रबंधन एवं स्वास्थय विभाग को किसी तरह का कोई सरोकार तक नही है।

गौरतलब है कि जांजगीर चाम्पा जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल ठाकुर छेदीलाल जिला चिकित्सालय में बिलासपुर स्थित बुंदेला कंपनी के माध्यम से ठेका सफाई कर्मचारियो की नियुक्ती की गई है। ताकि 24 घंटे अस्पताल में सफाई ब्यवस्था बेहतर बनाया जा सके। वही अस्पताल में कार्यरत करीब 30 सफाई कर्मचारियो को जनवरी 2025 से वेतन का भुगतान नही किया गया है। वही अक्टुबर का महीना भी अंतिम चरण में है। इस मामले को लेकर जब कर्मचारियो ने संबंधित ठेकेदार एवं कंपनी प्रबंधन के लोगो से चर्चा की तो दीपावली त्यौहार को देखते हुए कंपनी के द्वारा सफाई कर्मचारियो को कुछ राशि प्रदान की गई। लेकिन सफाई कर्मचारियो को वेतन की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल मे प्रतिदिन 24 घंटे सफाई ब्यवस्था बेहतर बनाया जा सके। इस बात को ध्यान में रखकर करीब 30 सफाई कर्मचारियो की नियुक्ती बिलासपुर स्थित बुंदेला कंपनी के द्वारा की गई है। लेकिन समय पर वेतन नही मिल पाने के चलते सफाई कर्मचारियो की परेशानी और भी बढ गई है। जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल में इन दिनो मौसम में बदलाव के चलते सर्दी, जुकाम, खांसी अस्थमा, बुखार से प्रभावित मरीजो की संख्या लगातार बढती ही जा रही है। वही एक दिन में मरीजो का आंकडा 500 सौ से भी अधिक हो रहा है। मरीजो की बढती संख्या को देखते हुए अस्पताल में साफ सफाई ब्यवस्था दुरूस्त करना भी रहता है। ताकि किसी तरह के इनफेक्शन फैलने का खतरा ना रहे। वही अस्पताल में सफाई ब्यवस्था रखकर दिन रात मेहनत करने वाले सफाई कर्मचारियो को करीब 9 महीने से वेतन नही मिल पाने के चलते उन्हें आर्थिक समस्या से जुझना पड जा रहा है। ऐसे में सफाई कर्मचारियो की परेशानी बढ गई है। दीपावली त्यौहार को देखते हुए ठेका अंतर्गत काम करने वाले सफाई कर्मचारियो को महज कुछ राशि प्रदान कर औपचारिकता निभा दी गई। पूर्व मे भी इस तरह की समस्या सफाई कर्मचारियो को हो चुकी है।

### दिए है निर्देश

जिला अस्पताल मे कार्यरत निजी कंपनियो के करीब 30 सफाई कर्मचारियो को 9 महीने से वेतन नही मिल पाने की सूचना मिली है। इस समस्या को लेकर कंपनी प्रबंधन एवं संबंधित ठेकेदार से चर्चा की गई है। कर्मचारियो को समय पर वेतन देने निर्देशित किया गया है।

-एस एस कुजुर,
सिविल सर्जन, जिला अस्पताल जांजगीर

# रात्रि में खिलौने नुमा पिस्टल दिखाकर डराने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

खोखसा ओव्हरब्रिज के पास रात्रि के समय खिलौनानुमा पिस्टल दिखाकर कार चालक को डराने वाला आरोपी को जांजगीर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जांजगीर निवासी प्रार्थी व्यापारी महेन्द्र मित्तल 26 अक्टूबर की रात्रि राणीसती मंदिर लछनपुर से अपने कार से परिवार के साथ जांजगीर घर आ रहा था। इस दौरान खोखसा ओवर ब्रिज के पास लगभग 9:05 बजे पहुंचा था तभी पीछे से एक मोटर सायकल में एक व्यक्ति आया और उसकी कार को ओवर टेक कर मोटर सायकल को सामने खड़ा कर पीछे रखें बन्दूक जैसे को निकाला और लहराते हुये मारने का इसारा किया। वह रास्ता में आने जाने वाले लोगो को चिल्लाया तो वह मोटर सायकल लेकर भाग गया। जिसकी सूचना रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में त्वरित कार्यवाही करते हुए सायबर टीम प्रभारी सागर पाठक के नेतृत्व में थाना जांजगीर पुलिस एवं सायबर टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया दौरान विवेचना के अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। सायबर तकनीकी के माध्यम से चण्डीपारा पामगढ़ निवासी कन्हैयालाल कश्यप को पकड़ा गया। जिसे हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल एवं खिलौना वाला पिस्तोल एवं एक बटनदार चाकू को जप्त बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक मणिकांत पाण्डेय थाना प्रभारी जांजगीर, प्रधान आरक्षक राकेश तिवारी, प्रकाश राठौर, आरक्षक विनोद राठौर एवं सायबर टीम का योगदान रहा।

### ई-केवाईसी के लिए पीडीएस दुकान जाने की जरूरत नहीं, घर पर हो जाएगा

**जांजगीर-चांपा।** शासन द्वारा राशनकार्ड धारकों की सुविधा के लिए अब ई-केवाईसी की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया है। अब हितग्राहियों को ई-केवाईसी के लिए राशन दुकान जाने की आवश्यकता नहीं है। इसके लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा विकसित मोबाइल एप मेरा ई-केवायसी राशन कार्ड को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करना होगा। एप के माध्यम से सभी राशनकार्डधारी हितग्राही आधार फेस रिकग्निशन के जरिए अपनी ई-केवाईसी पूर्ण कर सकते हैं। एप इंस्टॉल करने के बाद राज्य का चयन करें, मोबाइल का लोकेशन ऑन करें।

## सीताराम विवाह...



**जांजगीर-चांपा।** नवागढ़ ब्लाक के तुलसी में आयोजित नवधा रामायण में सीताराम विवाह प्रसंग पर निकाली गई झांकी

### अमित बघेल की टिप्पणी से अग्रवाल समाज में भारी आक्रोश

**जांजगीर-चांपा।** नगर के अग्रवाल समाज के सक्रिय समाज सेवक एवं पूर्व एल्डरमेन मनोज कालू अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ क्रांती सेना के अध्यक्ष द्वारा समाज के पितृ पुरुष महाधिराज अग्रसेज महाराज पर की गई अशोभनीय टिप्पणी की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर गिरफ्तार करने की मांग की है। उन्होने कहा कि सभी धर्मो का सामान आदर करने का संदेश देने वाले महापुरुष के विरुद्ध ओछी टिप्पणी करना संकीर्ण सोच का परिचायक है। छत्तीसगढ़ के अग्रवाल समाज सिंधी समाज बहुत ज्यादा अमित बघेल के लिए नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं।

# गला दबाकर महिला को जान से मारने का प्रयास, पुलिस कर रही जांच पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

■ अकलतरा थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 7 का मामला

नगर के रेलवे स्टेशन के पास वार्ड क्रमांक 7 में 28 तारीख की रात को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा घर में घुसकर एक महिला का गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया गया। महिला के द्वारा चिल्लाए जाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस के द्वारा अपराध दर्ज कर मामले की पड़ताल की जा रही है।





इस संबंध में यह जानकारी मिली कि नगर के बाद क्रमांक 7 में ऑटो चालक झल्लू सौदागर उम्र 60 वर्ष अपनी पत्नी बानो बेगम एवं भतीजे के साथ निवास करता है। 28 तारीख की रात 2:13 बजे झल्लू सौदागर को एक यात्री के द्वारा फोन कर बिलासपुर जाने की बात कहने पर झल्लू सौदागर अपनी ऑटो लेकर 2:25 पर बिलासपुर के लिए रवाना हो गया। उसके निकलने के बाद 2.40 मिनट पर अज्ञात व्यक्ति उनके घर में घुसा और सीधे बानो बेगम के कमरे में पहुंचा और तकिया मुंह में दबाकर मारने की कोशिश की। बानो बेगम ने इसका विरोध किया और हाथ पैरों से उसे मारा और मुंह से तकिया हटाकर जोर जोर से चिल्लाने लगी। बानो बेगम की आवाज सुनकर आरोपित भाग गया। जिसके बाद उन्होंने पड़ोसियों को आवाज देकर बुलाया और सारी बात बताई तब पड़ोसियों ने झल्लु सौदागर को घटना की जानकारी दी। घटना सुनकर झल्लु सौदागर घर लौट आया और मामले की सूचना अकलतरा थाने में दी। अकलतरा थाना टी आई भास्कर शर्मा के द्वारा एफआईआर दर्ज कर ली गई है। उन्होंने मामले की पड़ताल एवं पतासाजी कर जल्द से जल्द आरोपी को पकड़ने की बात कही है।

## 7 फरवरी 2026 को होगा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन

# मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण को लेकर घर-घर पहुंचे बीएलओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा





मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर कलेक्टर ने अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक ली। इस बीच बीएलओ को प्रत्येक लोगों के घरों तक जानकारी इकट्ठा करने कहा गया है। वहीं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को होगा।

गुरूवार 30 अक्टूबर को कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने जिले में कार्यक्रम के संचालन के बारे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक लेकर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर संदीप ठाकुर, सहायक संचालक जनसंपर्क जरीफ खान सहित राजनैतिक दलों के पदाधिकारी व संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की जो घोषणा की है। जिसमें मुद्रण व प्रशिक्षण कार्य 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक चलेगा। इसके पश्चात घर-घर जाकर सत्यापन कार्य 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलेगा। जिसके बाद मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसंबर को किया जाएगा। दावे और आपत्ति की प्रस्तुत करने की अवधि 9 दिसंबर से 08 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। सुनवाई और सत्यापन 09 दिसंबर से 31 जनवरी तक किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को होगा। कलेक्टर ने बताया कि बी.एल.ओ, नए मतदाता को शामिल करने के लिए फॉर्म 6 और घोषणा पत्र एकत्र करेंगे और मिलान व लिंकिंग में सहायता करेंगे। मतदाता को ई.एफ. भरने में मदद करेंगे उसे एकत्र करेंगे और ई.आर.ओ. व ए.ई.आर.ओ. को जमा करेंगे। प्रत्येक मतदाता के घर का कम से कम 3 बार दौरा करेंगे। मतदाता, विशेषकर शहरी मतदाता अस्थायी प्रवासी, ई.एफ. ऑनलाइन भी भर सकते हैं। इसके अलावा बीएलओ मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित तथा एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं की पहचान करेंगे। मतदाता चाहे तो ऑनलाईन गणना पत्रक स्वयं भरकर अपलोड कर सकता है। जिसका सत्यापन बीएलओ द्वारा उसके घर जाकर किया जायेगा। कलेक्टर ने बताया कि सभी मतदान केन्द्रों में बी.एल.ओ. नियुक्त कर दिया गया है।

# लौह पुरूष सरदार पटेल के प्रतिमा का अनावरण आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़



भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के प्रतिमा का अनावरण शुक्रवार 31 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे उनकी 150 वीं जयंती के अवसर पर चंडीपारा के टिगड्डा में किया जाएगा।

सर्व कुर्मी समाज द्वारा स्थापित इस मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक होंगे। अध्यक्षता व्यास कश्यप विधायक जांजगीर चाम्पा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती प्रतिमा दीपक कश्यप अध्यक्ष नगर पंचायत राहोद, श्रीमती ज्योति किशन कश्यप सदस्य जिला पंचायत, श्रीमती कांता मोहन कश्यप अध्यक्ष जनपद पंचायत नवागढ़, श्रीमती शांति घासीराम कश्यप उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नवागढ़, गयाराम चंदेल उपाध्यक्ष नपं राहौद उपस्थित रहेंगे। सर्व कुर्मी समाज के रामप्रसाद कुर्मी,व्यास वर्मा,सुरेंद्र कश्यप, उदल कश्यप महेन्द्र कश्यप, राजाराम कश्यप, मुकेश कश्यप से सामाजिक बंधुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है ।

## खबर संक्षेप

### छात्रा के साथ शिक्षक ने की छेड़छाड़, मामला दर्ज

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत एक 13 वर्षीय किशोरी कक्षा सातवीं की छात्रा है जो एक शिक्षक के पास ट्यूशन पढ़ती थी। बताया जाता है कि ट्यूशन पढ़ाने वाले शिक्षक ने छात्रा के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया था। छात्रा ने इस मामले की शिकायत अपने परिजनों से की थी जिसके बाद परिजनों ने शिक्षक के खिलाफ लिखित में शिकायत सिविल लाइन पुलिस से की है। जिस पर पुलिस ने छेड़छाड़ करने वाले शिक्षक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जर्जर सड़क का तीन दिन में नहीं हुआ सुधार तो होगा चक्काजाम आंदोलन



**कोरबा।** ग्राम पंचायत लखनपुर सुतर्रा कटघोरा अंबिकापुर बायपास मार्ग सड़क की जर्जर दशा को लेकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पोंडी उपरोड़ा को पत्र लिखा गया है। सड़क की अविलंब मरम्मत कर समस्याओं का स्थायी निराकरण करने की मांग करते हुए चेतावनी भी दी गई है कि 3 दिन के भीतर व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो 31 अक्टूबर को चक्का जाम किया जाएगा। जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 19 की सदस्य सरस्वती देवी, सरपंच प्रभा समेत लखनपुर पंचायत के प्रतिनिधियों ने पत्र में बताया है कि विगत वर्ष दिए गए सड़क मरम्मत हेतु ज्ञापन एवं चक्काजाम किए जाने पर दिए गए लिखित आश्वासन के बाद भी हमारे चाम लखनपुर के सड़क की स्थिति बहुत ही जर्जर है। जिसके कारण प्रदूषण एवं दुर्घटनाएं आए दिन घटित हो रही है। जिसमें जनहानि व पशुहानि लगातार हो रही है। हम ग्रामवासियोंकी जन/धनहानि के साथ स्वास्थ्यगत परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है। बीते वर्ष 25 नवंबर 2024 को ज्ञापन देकर चक्काजाम किया गया था। 8 सितंबर को फिर ज्ञापन दिया और हमारी समस्या से आपको अवगत कराया गया। जिसमें प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया था कि 15 अक्टूबर तक कार्य शुरु हो जाएगा। पर आज पर्यंत समस्या ज्यों का त्यों है। जनप्रतिनिधियों ने 3 दिन में सुधार नहीं होता तो 31 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से बंसल पेट्रोल पंप ग्राम पंचायत लखनपुर में चक्काजाम किया जाएगा।

### सेवा भारती का दीपावली मिलन एवं सत्कार समारोह सम्पन्न



**कोरबा।** सेवा भारती द्वारा विवेकानंद सेवा सदन, बुधवारी बायपास में दीपावली मिलन एवं सत्कार समारोह का भव्य आयोजन किया गया। दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बतौर मुख्यातिथि डॉ. आनंद जोशी (आर्थोपेडिक सर्जन, वी. वाय. हॉस्पिटल रायपुर) उपस्थित रहे। साथ ही मंच पर डॉ. विशाल उपाध्याय, अध्यक्ष सेवा भारती कोरबा, वरिष्ठ समाज सेवी किशोर बुटोलिया भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. आनंद जोशी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा "एक सच्चे कार्यकर्ता का जीवन त्याग, अनुशासन और सेवा के तीन स्तंभों पर टिका होता है। जब व्यक्ति तन, मन और धन से समाज की सेवा में तत्पर रहता है, तभी राष्ट्र का उत्थान होता है। कार्यकर्ता का अर्थ केवल संगठन से जुड़ना नहीं, बल्कि समाज के हर दुःखी व्यक्ति के साथ खड़ा होना है। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी रामसिंह अग्रवाल, कैलाश नाहक, ज्योति बुटोलिया (उपाध्यक्ष, सेवा भारती), परमिंदर भाटिया, रमेश पाठक, हेमंत माहुलीकर, देवेंद्र द्विवेदी, रेखा सिंह, कमल बतरा, निक्की उपाध्याय, पद्मिनी साहू, रीता श्रीवास्तव, संगीता तिवारी, उमेश सोनी, तथा बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुकेश राठौर और अभय तिवारी के नाम पर बना पैनल

# कोरबा शहर कांग्रेस अध्यक्ष के लिए दो नाम पर फंसा पेंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कांग्रेस के संगठन सृजन के तहत पूरे प्रदेश में जिला अध्यक्ष चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, कोरबा जिला कांग्रेस कमेटी के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर आर.सी. खुटिया ने कोरबा शहर पर लगभग 4 हजार नेता व कार्यकर्ताओं से रायशुमारी के पश्चात 6 नामों का पैनल तैयार कर पार्टी हाई कमान को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। इसके साथ ही कांग्रेस की केंद्रीय इंटेलिजेंस ब्यूरो ने गुप्त तरीके से तीन नाम का सर्वे रिपोर्ट भी दे दिया है। 23 अक्टूबर को दिल्ली में पार्टी हाई कमान ने प्रदेश के सभी बड़े कांग्रेस नेताओं से जिलेवार नाम की सूची ले ली है। संभवतः तीनों जगह से प्राप्त कॉमन नाम पर मोहर लगेगी।

इसके साथ ही जिला अध्यक्ष बनाने के लिए निर्धारित नियमों का पालन किया जा रहा है, इसके तहत आवेदक राजनीतिक इतिहास, उम्र, आर्थिक स्थिति, सोशल एक्टिविटीज, शिक्षा जैसे मापदंडों को देखा जा रहा है। साथ ही फेसबुक, ट्विटर को भी खांगाला जा रहा है, सूत्रों की माने तो ग्रामीण जिला अध्यक्ष के तौर पर वर्तमान जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष मनोज चौहान का नाम लगभग फाइनल बताया जा रहा है। मनोज चौहान को नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत का समर्थन प्राप्त है, वहीं शहर कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष के लिए ज्यादा दावेदारों ने अपना आवेदन दिया जिसमें वर्तमान शहर जिला अध्यक्ष



मुकेश राठौर



अभय तिवारी

नाथूलाल यादव, एआईसीसी सोशल मीडिया समन्वयक अभय तिवारी, पार्षद मुकेश राठौर, पालुराम साहू, सपना चौहान, अर्चना उपाध्याय, दिनेश सोनी, महेश अग्रवाल, विभूति नारायण सिंह का नाम शामिल है। वर्तमान शहर जिला अध्यक्ष नाथूलाल यादव की उम्र उनके नियम के आड़े आ रही है, वैसे शहर जिला अध्यक्ष के ज्यादातर आवेदक पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के समर्थक हैं। इनमें पार्षद मुकेश राठौर का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है, अगर जातिगत समीकरण को देखा जाए तो ओबीसी वर्ग से मुकेश राठौर के नाम पर मुहर लग सकती है मुकेश राठौर 4 से 5 बार के पार्षद रह चुके हैं। जिन्हें जयसिंह अग्रवाल का समर्थन प्राप्त है वहीं दूसरी ओर अभय तिवारी संगठन सृजन के तहत समस्त नियमों पर फिट बैठ रहे हैं, इन्हें चरणदास महंत के ख़ास समर्थक माना जाता है। इन्हें पूर्व लोकसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्यामनारायण सोनी का समर्थन भी मिला है। जो एनएसयूआई एवं युवा कांग्रेस की राजनीति में अच्छी दखल रखते हैं, जिसका लाभ निश्चित तौर पर अभय तिवारी को मिलता दिख रहा है। विश्वस्त सूत्रों की माने तो मुकेश राठौर व अभय तिवारी पर दो नाम के पैनल बन चुका है, इन्हीं दो नाम में से किसी एक नाम पर मोहर लग सकती है। इसकी घोषणा एक-दो दिन के अंदर होने की संभावना व्यक्त की जा रही है, अन्यथा बिहार विधानसभा चुनाव के बाद घोषणा की जाएगी।

## हाथियों ने पसान रेंज के गाड़ागोड़ा में मचाया उत्पात, रौंदी फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के जंगलों में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। इसी कड़ी में कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज अंतर्गत जल्के सर्किल के सेमरहा बीट में पहुंचे 42 हाथियों के झुण्ड ने बीती रात गाड़ागोड़ा गांव में भारी उत्पात मचाते हुए बड़ी मात्रा में ग्रामीणों की धान की फसल को रौंद दिया। ग्रामीणों द्वारा जिला प्रशासन एवं वन विभाग से अपने फसल तथा जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई गई है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों का झुण्ड बार-बार क्षेत्र में दस्तक दे रहा है और फसलों को क्षतिग्रस्त कर दे रहे हैं। हाथियों के उत्पात के चलते किसानों की मेहनतों पर पानी फिर जा रहा है जिससे श्रम के साथ-साथ आर्थिक क्षति भी हो रही है।

कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज से 42 हाथियों का झुण्ड एक दिन पूर्व जल्के सर्किल पहुंचा है। पहले दिन हाथियों का झुण्ड सर्किल के हरदेवा गांव में डेरा डाला लेकिन



फाइल फोटो

कोई भी नुकसान नहीं पहुंचाया। अगले दिन शाम होते ही मूव्हमेंट किया और गाड़ागोड़ा में उत्पात मचाते हुए बड़ी मात्रा में ग्रामीणों की फसल को रौंद दिया जिससे यहां के 17 ग्रामीण प्रभावित हुए हैं। पीड़ित ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और हाथियों द्वारा रात में किए गए नुकसानी का आंकलन करने के साथ रिपोर्ट तैयार की जिसे क्षतिपूर्ति स्वीकृति के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को प्रेषित किया जाएगा। मुआवजा स्वीकृति के बाद पीड़ितों को वन विभाग की ओर से राहत राशि दी जाएगी।

## एपीसी की बैठक में दलहन, तिलहन, मक्का फसल विस्तार की कार्ययोजना तैयार



बैठक को संबोधित करते कृषि आयुक्त।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कृषि व्यवस्था को अधिक सुदृढ बनाने तथा आगामी फसल सीजन की तैयारी के लिए कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती सहला निगार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में खरीफ वर्ष 2025 के प्रगति तथा रबी वर्ष 2025-26 कार्यक्रम निर्धारण हेतु बिलासपुर संभाग के अधिकारियों को समीक्षा बैठक हुई।

इस बैठक में खरीफ 2025 में धान के रकबे में कमी एवं फसल विविधीकरण, रबी 2024-25 की तुलना में क्षेत्राच्छादन में वृद्धि तथा रबी/ग्रीष्म (जायद) अल्पकालीन फसल ऋण वितरण में वृद्धि की रणनीति, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत अपात्र एफआरए एवं पीवीटीजी कृषक तथा अन्य संदिग्ध प्रकरण का समय सीमा में सत्यापन तथा समय सीमा में एग्रीस्टेक अंतर्गत पंजीयन की कार्ययोजना, रबी 2026-27 की संभावित बीज मांग के दृष्टिगत रबी 2025-26 में फसलवार बीज उत्पादन कार्यक्रम की कार्ययोजना, ऑयल पॉम के क्षेत्र विस्तार की कार्ययोजना, केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के अंतर्गत सामान्य बीज वितरण एवं प्रदर्शन में प्रयुक्त होने वाले बीजों की फसलवार, योजनावार दर तथा इनके वितरण में साथी पोर्टल के अनुप्रयोग इत्यादि महत्वपूर्ण बिदुंओं पर चर्चा की गई। बैठक में पशुधन विकास विभाग के योजनाओं की समीक्षा करते हुए पशु उपचार, पशु स्वास्थ्य रक्षा, पशुरोगों के विरुद्ध संपादित टीकाकरण, बधियाकरण, नमूना जांच, राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम सहित अन्य विभागीय योजनाओं में लक्ष्यानुसार प्रगति लाने के निर्देश सम्भागीय पशुपालन अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी कलेक्टरों को योजनाओं के प्रगति में निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही सभी योजनाओं की प्रगति का भारत पशु धन पोर्टल में जानकारी प्रविष्टि का कार्य भी समय पर पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने गौधाम योजना अंतर्गत गौठान चयन कार्य को भी जल्द से जल्द पूर्ण कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही सड़क दुर्घटना में मवेशियों के होने वालों मृत्यु को नियंत्रित करने हेतु भी प्रभावी कदम उठाने के लिए कहा। इस हेतु अभियान चलाकर आवारा मवेशियों को सुरक्षित स्थानों में अन्यत्र स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार बैठक में मत्स्य विभाग, उद्यानिकी, बीज विकास निगम विभागों के संबंधित केंद्र व राज्य शासन की योजनाओं व उनके क्रियान्वयन पर क्रमवार चर्चा करते हुए योजनाओं में शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिए। कृषि आयुक्त श्रीमती निगार ने जिले में पीएम धन धान्य योजना का प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डीएमएफ से जिले में कृषक कल्याण हेतु अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए जा सकते हैं। इस हेतु सभी विभागाध्यक्षों एवं विभागीय अधिकारियों को कार्ययोजना तैयार कर प्रस्ताव देने के लिए कहा। उन्होंने जिले में एक मॉडल नर्सरी विकसित करने हेतु कलेक्टर को विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए।

### डीएमएफ में कृषि है प्राइम सेक्टर : वसंत

कलेक्टर श्री वसंत ने बैठक में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु किए जा रहे कार्यो की जानकारी देते हुए बताया कि पीएम धन धान्य योजना अंतर्गत जिले में स्टोरेज या कोल्ड स्टोरेज निर्माण हेतु विभागो को प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिये निर्देशित किया गया है। साथ ही छोटी-छोटी सिंचाई परियोजना विकसित करने स्थान चिन्हांकित कर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि डीएमएफ में कृषि क्षेत्र प्राइम सेक्टर है, इस हेतु कृषक समृद्धि हेतु विभागीय आवश्यकताओं की पूर्ति डीएमएफ से निरंतर हो रही है। साथ ही जिले में उन्नत खेती को बढ़ावा देने, किसानों को फसल विविधीकरण, इंटर क्रॉपिंग फसल लेने एवं जैविक व नेचुरल खेती के लिए प्रोत्साहित करने का कार्य किया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना

बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त के लिए पंजीकृत किसानों का एग्री-स्टैक अंतर्गत पंजीयन अनिवार्य बताया गया। सभी जिलों को शेष लाभार्थियों का पंजीयन शीघ्र पूर्ण करने तथा संदिग्ध प्रकरणों का सत्यापन समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कृषि उत्पादन आयुक्त ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

## अब उद्यानिकी विभाग भी करेगा वाटर शेड निर्माण का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वाटर शेड प्रोजेक्ट का काम अब उद्यानिकी विभाग भी करेगा। अब तक यह काम कृषि विभाग के अधीन हुआ करता था। इसके तहत सब्जी उत्पादन बढ़ाने के लिए छोटे छोटे स्ट्रक्चर बनाकर खेतों में पानी रोकने का काम किया जाएगा ताकि ऐसे क्षेत्रों में जहां सिंचाई के साधन कम है उन क्षेत्रों में बारिश के पानी को रोककर जल स्तर बढ़ाया जा सके।

अब तक उद्यानिकी विभाग किसानों को सब्जी उत्पादन से जोड़ने के लिए सब्जी किट के वितरण के साथ उनको नई तकनीक से प्रशिक्षित करने का काम करता था। सिंचाई के लिए किसानों को सबमर्शिबल पंप का वितरण भी विभाग के द्वारा किया जाता था। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए विभाग के द्वारा अब जल संरक्षण पर भी काम करने की तैयारी चल रही है। वाटर शेड प्रोजेक्ट जो कृषि विभाग के अंतर्गत संचालित है जिसके लिए केंद्र सरकार से फंड जारी होने के बाद जल संरक्षण के क्षेत्र में काम होता है। इन्हीं कामों से भी अब उद्यानिकी विभाग को जोड़ा जा रहा है जो कृषि विभाग का ही एक विभाग के रुप में काम करता है। दोनों विभागों के द्वारा जल संरक्षण के लिए वाटर शेड प्रोजेक्ट का काम किया जा रहा है।

### खास बातें

- फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए शुरू होगी योजना
- सब्जी उत्पादन का लक्ष्य लेकर किसानों को प्रशिक्षित करता है विभाग



फाइल फोटो

### इन क्षेत्रों में बढ़ रहा है सब्जी उत्पादन

कोरबा विकासखंड अंतर्गत गोढ़ी, बेंदरकोना, चाकामार, करमंदी, भुलसीडीह, डूमरडीह, मातमार, कोरकोमा, पसरखेत, बताती आदि क्षेत्रों में पिछले कुछ वर्षो से सब्जी उत्पादन तेजी से बढ़ा है। उद्यानिकी विभाग द्वारा इन क्षेत्रों में कैंप लगाकर किसानों को प्रशिक्षित भी किया था। इन क्षेत्रों से सब्जी की आवक लोकल मार्केट में तेजी से बढ़ी है।

### रामशरण ने रक्तदान करके समाज के लोगों को बताई जीवन जीने की राह



**हरदीबाजार।** समाज के लोगों को प्रेरित करने और रक्तदान करके सैकड़ों लोगों को नए जीवन जीने का राह दिखाते हुए विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम रेंकी निवासी रामशरण श्रीवास ने 23 वर्ष में 15 से ज्यादा बार रक्तदान करके और सैकड़ों लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया है। इन्होंने शासकीय ग्राम्य भारती विद्यापीठ हरदीबाजार के एमए भूगोल विभाग से अपना पढ़ाई को पूर्ण किया और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को छत्तीसगढ़ के अनेकों रक्तदान समूह केंद्र और रक्तदान शिविर में जाकर रक्तदान के माध्यम से सभी के दिलो में जगह बनाया है।




## स्वामी आत्मानंद एवं कन्या शाला बालको में हुआ आयोजन

# साइबर सेल ने विद्यार्थियों को अपराधों के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल एवं कन्या शाला स्कूल बालको में बुधवार को जिला साइबर सेल कोरबा द्वारा साइबर सुरक्षा विषय पर विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को डिजिटल युग में सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला साइबर सेल के साइबर विशेषज्ञ डेमन ओग्रे रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को साइबर बुलिंग, सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्तियों से संपर्क न करने, ऑनलाइन बैंकिंग एवं इंटरनेट धोखाधड़ी से बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यवहारिक उदाहरणों के साथ मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बच्चों को बताया कि इंटरनेट का जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग कर ही वे स्वयं को और दूसरों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रख सकते हैं। इस अवसर पर बालको थाना के एसआई अजय सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि थोड़ी सी जानकारी के अभाव में लोग साइबर अपराध का शिकार बन जाते हैं। उन्होंने समझाया कि गलत संदेश भेजना, फोटो या वीडियो को एडिट कर वायरल करना, या किसी की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाना यह सभी कार्य साइबर अपराध की श्रेणी में आते हैं। ठाकुर ने विद्यार्थियों को ऐसे कृत्यों से दूर रहने और सतर्क रहने की सलाह दी।कार्यक्रम में आरक्षक अनिल साहू, राजेन्द्र यादव, गजेंद्र राजवाड़े, विद्यालय के प्रधानाचार्य, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। सभी ने साइबर सेल कोरबा की इस पहल की सराहना की और माना कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को सुरक्षित डिजिटल नागरिक बनने में सहायक सिद्ध होंगे।



बच्चों को जानकारी देते साइबर सेल के पुलिस अधिकारी।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी पामगढ़, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/1312/स्टेनो/अ.वि.अ./2025
ग्राम- पामगढ़, प.ह.नं.-16, तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिल बघेल पिता रामधनी बघेल जाति सूर्यवंशी साकिन उरैहा चण्डीपारा तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा ग्राम पामगढ़ तहसील पामगढ़ में स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं.-661/18 रकबा 0.03 3/4 एकड़/0.015 हेक्टे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण कराने बाबत् आवेदन पत्र पेश किया गया है। उक्त भूमि के आवासीय प्रयोजन पुनः निर्धारण किये जाने में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह लिखित रूप से दिनांक 11/11/2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक को 28/10/2025 जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/ सक्षम प्राधिकारी पामगढ**

30-OCT- RAG-JANJ- Bhoomi- p-3_Layout 1 10/30/2025 9:45 PM Page 1





## एक दीवाने की दीवानियत के बाद अब एक्शन अवतार में दिखेंगे हर्षवर्धन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता हर्षवर्धन राणे इन दिनों अपनी फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' के लिए खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। अब खबर है कि अभिनेता डायरेक्टर मिलाप जवेरी के साथ काम करने जा रहे हैं। यह नया प्रोजेक्ट एक हाई-एनर्जी मास एंटरटेनर बताया जा रहा है, जो दोनों की जोड़ी को एक बार फिर बड़े पर्दे पर लेकर आएगी। सोशल मीडिया पर हर्षवर्धन राणे ने अपनी तस्वीर साझा करते हुए एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, 'मुझे मिलाप सर की स्क्रिप्ट पर पूरा भरोसा है, अगर वो मुझे कोई कहानी देंगे, तो मैं बिना सोचे साइन कर दूंगा।' इस पर डायरेक्टर मिलाप जवेरी ने भी तुरंत प्रतिक्रिया दी और कहा, 'मैंने तो ऑफर दे दिया है मेरे दोस्त!

लाइफ Style



## हुमा राजगद्दी के लिए ताकत झोंकेंगी भारती देवी

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी 'महारानी 4' के साथ एक बार फिर ओटीटी पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। इसका नया ट्रेलर सोशल मीडिया पर रिलीज कर दिया गया है। इस सीजन में पहले से भी ज्यादा राजनीतिक षड्यंत्र देखने को मिलेंगे।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारती देवी हार मानने वाली नहीं हैं, बल्कि दिल्ली की कुर्सी तक पहुंचने की कोशिश करेंगी। 'महारानी 4' का लेटेस्ट ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें इस बार भारती देवी अकेली नहीं, बल्कि अपने कुनबे के साथ दिखाई दे रही हैं। सीरीज में भारती सिंह की बेटी और बेटे की एंट्री हो चुकी है। भारती सिंह की बेटी का किरदार श्वेता प्रसाद ने निभाया है, जो मां की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए संघर्ष कर रही हैं, लेकिन इस बार भारती देवी दिल्ली की राजगद्दी यानी प्रधानमंत्री बनने की लड़ाई लड़ती नजर आएंगी। सीरीज में ट्विस्ट यह भी है कि 10 साल पुराने केस में भारती देवी को फंसाने की कोशिश की जाएगी। अब भारती देवी इन परिस्थितियों से कैसे लड़ती हैं, यह तो सीरीज देखने के बाद ही पता चलेगा।'महारानी 4' को सात नवंबर से सोनी लिव पर स्ट्रीम किया जाएगा. गौर करने वाली बात यह है कि सीरीज को बिहार चुनाव के दौरान स्ट्रीम करने का फैसला लिया गया है। 6 नवंबर को बिहार में पहले चरण के विधानसभा चुनाव हैं और 7 नवंबर से दर्शक सीरीज को देख पाएंगे. 'महारानी' का हर सीजन बिहार की राजनीति पर आधारित है और बिहार चुनाव के दौरान सीरीज को रिलीज करना मेकर्स के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

### हॉलीवुड मसाला



## शादी के 2 साल बाद बनीं मां

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के 'कैप्टन अमेरिका' उर्फ हॉलीवुड एक्टर क्रिस इवांस पापा बन गए हैं। उनके घर में बेबी गर्ल की किलकारियां गूंजी है। वाइफ एल्बा बैप्टिस्टा शादी के दो साल बाद मां बनी हैं। लेकिन, किसी को भी उनकी प्रेग्नेंसी की कानोंकान खबर तक नहीं मिली। कपल ने 24 अक्टूबर 2025 को मैसाचुसेट्स में अपनी बेटी अल्मा ग्रेस बैप्टिस्टा इवांस का स्वागत किया। दोनों ने साल 2023 में शादी की थी। क्रिस और एल्बा दोनों ही अपनी पर्सनल लाइफ को लाइमलाइट से दूर रखते हैं।



## आज भी सुनाई देती है मैथ्यू की आवाज : केटलीन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर एक्टर और 'फ्रेंड्स' फेम मैथ्यू पेरी को गुजरे लगभग दो साल हो चुके हैं, लेकिन उनके चाहने वालों और परिवार के लिए वो आज भी यादों में जिंदा हैं। हाल ही में मैथ्यू की बहन केटलीन मॉरिसन ने एक इंटरव्यू में बताया कि उन्हें आज भी अपने भाई की मौजूदगी महसूस होती है। कभी-कभी वो उनकी आवाज तक सुन सकती हैं मानो मैथ्यू अब भी उनके साथ हों। उन्होंने कहा, 'जब भी कुछ होता है, मैं सोचती हूं कि मैथ्यू इस पर क्या कहते और तभी ऐसा लगता है जैसे उनकी आवाज कानों में गूंज रही हो'। इसके बाद केटलीन ने मुस्कुराते हुए कहा, 'शायद वो यहीं हैं। कौन जानता है शायद आत्माएं सच में होती हैं।' इसके बाद कैटलिन ने हंसते हुए कहा, 'अगर ऐसा है तो अब हम साथ में मिट्टी के बर्तन बनाएंगे।'



## हमेशा चाहती थीं मृत्यु को समझना...

**मुंबई।** बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने आज अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक भावुक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने बौद्ध शिक्षाओं और अध्यात्म के जरिए जीवन और मृत्यु को समझने की अपने सफर के बारे में बताया। मनीषा कोइराला ने गुरु मिंग्युर रिनपोछे के साथ कई तस्वीरें इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर कीं। इसके साथ ही मनीषा ने कैप्शन में लिखा, 'हमेशा मृत्यु को समझना चाहती थीं, ताकि उसका डर खत्म हो जाए।' मनीषा ने आगे किताब 'द तिब्बती बुक ऑफ लिविंग एंड डाइंग' की एक पंक्ति लिखी- 'आप वैसे ही मरते हैं जैसे आप जीते थे'। मनीषा ने अपनी इस पोस्ट में न्यिमा रिनपोछे से हुई मुलाकात के बारे में जिक्र करते हुए लिखा, '2008-09 में चोकी न्यिमा रिनपोछे से मिलीं। मैंने सवाल पूछा- 'मेरा जीवन उद्देश्य क्या?'



## डकैत और लव एंड वॉर में होगा मुकाबला

**मुंबई।** अदिवी शेष और मृणाल ठाकुर अभिनित फिल्म 'डकैत' की नई रिलीज डेट तय हो गई है। पहले यह फिल्म दिसंबर 2025 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन शेष की चोट के कारण इसकी नई रिलीज डेट जारी की गई है। मृणाल ने अपनी आगामी फिल्म 'डकैत' का एक नया पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर किया। 'डकैत' 19 मार्च, 2026 को, उगादि और ईद के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कथित तौर पर यह संजय लीला भंसाली की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'लव एंड वॉर' के आस पास रिलीज होगी, जिसमें आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विक्की कौशल मुख्य भूमिका में हैं। 'लव एंड वॉर' 20 मार्च, 2026 को रिलीज हो रही है। फिल्म 'डकैत' एक प्रेम कहानी है। शेष और मृणाल के अलावा फिल्म में अनुराग कश्यप की अहम भूमिका में नजर आएंगे।

### टीवी मसाला



## नेहल ने बिग बॉस से बाहर आते ही फरहाना को बताया झगड़ालू

**मुंबई।** 'बिग बॉस 19' में इस बार दर्शकों को कई ऐसे मोड़ देखने को मिले, जिन्होंने सबको चौंका दिया। इस हफ्ते के 'वीकेंड का वार'में नेहल चुडासमा और बसीर अली को कम वोटों के आधार पर घर से बाहर कर दिया गया। शो में नेहल हमेशा अपने गेम और सच्ची दोस्ती के लिए जानी गईं। घर से बाहर आने के बाद नेहल ने बताया कि उनकी फरहाना भट्ट संग दोस्ती में कैसे दरारें आनी शुरू हुईं। नेहल चुडासमा ने अपने और फरहाना भट्ट के रिश्ते के बारे में बात की। दोनों की दोस्ती कुछ हफ्ते पहले तक काफी मजबूत थी और उन्होंने कई टास्क और मुश्किल हालातों में एक-दूसरे का साथ दिया, लेकिन कुछ समय बाद यह दोस्ती तनावपूर्ण होने लगी. नेहल का घर से बाहर होना फरहाना के लिए काफी भारी पड़ गया। उन्हें यह देखकर दुख हुआ और वह रोती हुई नजर आईं। वह नेहल के साथ अपने झगड़े को लेकर पछतावा करती दिखी। इस बारे में नेहल ने अपनी प्रतिक्रिया साझा की। उन्होंने कहा, फरहाना को पछतावा मेरे शो के जाने के बाद हुआ। मैं उसके इस इमोशन की कद्र करती हूं, लेकिन मेरे लिए इसकी कोई खास अहमियत नहीं है, क्योंकि यह मुझसे सीधे तौर पर नहीं कहा गया। फरहाना के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए नेहल ने कहा, मुझे फरहाना ने निराश किया, क्योंकि वह अक्सर बिना वजह झगड़ा करती थी, कोई क्लियर फैसला नहीं लेती थी और कई बार दूसरों को भड़काती थी। उसमें थोड़ा बहुत अहंकार भी था, इसलिए मेरा निराश होना लाजमी था।

### डिवोर्स की अफवाहों पर भड़कीं माही

**नई दिल्ली।** टेलीविजन की मशहूर एक्ट्रेस माही विज और एक्टर-होस्ट जय भानुशाली इन दिनों अपनी शादी को लेकर चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर यह अफवाह जोरों पर थी कि दोनों ने 14 साल की शादी के बाद तलाक ले रहे हैं। हालांकि, अब माही विज ने इन खबरों पर कड़ा रिएक्शन दिया है और इसे 'फॉल्स नैरेटिव'बताते हुए कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। हाल ही में एक इंस्टाग्राम पेज ने दावा किया कि जय और माही ने जुलाई-अगस्त 2025 में तलाक के कागजात पर साइन कर दिए हैं। इतना ही नहीं, उनके तीनों बच्चों की कस्टडी भी तय हो गई है। इस पोस्ट पर माही विज ने सीधे तौर पर कॉमेंट करते हुए लिखा, 'झूठी खबें मत फैलाओ। मैं इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करूंगी।' यह रिएक्शन सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जहां फैंस ने सपोर्ट किया। एक रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों के रिश्ते में काफी समय से खटपट चल रही थी।



## इक्कीस का ट्रेलर रिलीज दिखी जवानों की दमदार कहानी

**मुंबई।** 'वो इक्कीस का था- इक्कीस का ही रहेगा' इस टैग लाइन से शुरू होगी कहानी। परमवीर चक्र विजेता अरुण खेत्रपाल की कहानी पर आधारित फिल्म 'इक्कीस' का दमदार ट्रेलर बुधवार को रिलीज हुआ। ट्रेलर की शुरुआत होती है जोश और जुनून से भरे एक वादे के साथ। इस वादे को पूरे करने की शपथ लेते हैं अगस्त्य नंदा, जो फिल्म में परमवीर चक्र विजेता अरुण खेत्रपाल की भूमिका निभा रहे हैं। कुछ करने का जज्बा और फिर से अपनी बटालियन के लिए परमवीर चक्र वाले का वादा। फिल्म में बहादुरी, वीरता और पराक्रम के साथ एक प्यारी लव स्टोरी भी नजर आएगी। ट्रेलर में आगे अगस्त्य सैन्य प्रशिक्षण करते दिखाई देते हैं। आखिर में दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र उनके दादा के रूप में दिखाई देते हैं, जो बताते हैं कि कैसे बचपन में अरुण उनकी युद्ध की कहानियां सुना करते थे। फिल्म इक्कीस में धर्मेंद्र, जयदीप अहलावत, अगस्त्य नंदा, सिमर भाटिया, दीपक डोबरियाल, विवान शाह, सिकंदर खेर, राहुल देव के अलावा भी कई कलाकार नजर आएंगे। इस फिल्म को दिनेश विजान और मैडॉक फिल्म्स प्रस्तुत कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है। 'इक्कीस', परमवीर चक्र विजेता लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल, सबसे कम उम्र के अधिकारी की कहानी से प्रेरित है। 'इक्कीस' 1971 के युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है।



## वो टीचर, जिसने बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर लिखे हिट गाने, 17 साल किया संघर्ष...

**नई दिल्ली।** बनारस की गलियों में जन्मे लालजी पांडेय एक शानदार गीतकार थे, जिन्हें सब 'अनजान' के नाम से जानते हैं। लालजी का कॅरियर जितना सुपरहिट रहा, उतने ही संघर्ष भरे उनके शुरुआती दिन थे। उन्होंने बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर अपनी दैनिक जरूरतें पूरी की थीं। बॉलीवुड में कदम रखने से पहले वह गणित के सवाल हल करवा कर अपने परिवार का पेट पालते थे।बचपन से ही उनके परिवार में कला और साहित्य का माहौल था। उनके परदादा राजाराम शास्त्री बड़े ज्ञाता थे और यही कला और शब्दों का रस उनके खून में भरा गया। उन्होंने बचपन में ही कविता और लेखनी की ओर रुचि दिखाई और बनारस के प्रसिद्ध कवि रुद्र काशिकेय से शिक्षा पाई।

***अनजान की शुरुआत :*** बनारस की पत्र-पत्रिकाओं में उनकी कविताएं छपने लगीं और स्थानीय काव्य गोष्ठियों में वह अपनी सुरीली आवाज में कविता पढ़कर लोगों का दिल जीतने लगे। उस जमाने में



हरिवंश राय बच्चन की किताब 'मधुशाला' बहुत लोकप्रिय थी और अनजान ने उसका एक पैरोडी रूप 'मधुबाला' लिखा, जो नौजवानों में खूब मशहूर हुआ।

***क्यों आए मुंबई :*** मुंबई आने का फैसला उनके लिए स्वास्थ्य और करियर दोनों कारणों से जरूरी था। उन्हें अस्थमा की गंभीर बीमारी थी और डॉक्टरों ने कहा कि अगर वह शुष्क वातावरण में रहेंगे तो जिंदा नहीं रह सकते। इसलिए, उन्होंने समुद्र के किनारे कहीं बसने का निर्णय लिया और मुंबई का रुख किया। मुंबई आने के बाद अनजान को एक लंबा संघर्ष शुरू करना पड़ा। उनके बनारस के दोस्त शशि बाबू ने उन्हें गायक मुकेश से मिलवाया, जिन्होंने उनकी कविताओं को सुना और उन्हें फिल्मों में गीत लिखने के लिए प्रोत्साहित किया।

### ट्यूशन पढ़ाकर किया गुजारा

मुकेश की मदद से उन्हें प्रेमनाथ की फिल्म 'प्रिजनर ऑफ गोलकुंडा' में काम मिला। इस फिल्म के गाने अनजान ने लिखे, लेकिन यह फिल्म फ्लॉप रही, पर दर्शकों को गाने पसंद आए। यही वह दौर था जब अनजान को जीविका चलाने के लिए बच्चों को ट्यूशन पढ़ाना पड़ता था। ट्यूशन पढ़ाना उनके लिए सिर्फ पैसे कमाने का जरिया नहीं था, बल्कि यह उनके संघर्ष और मेहनत की कहानी का अहम हिस्सा भी था।

***17 साल का संघर्ष :*** उनकी मेहनत और लगन रंग लाई और 17 साल के लंबे संघर्ष के बाद उन्हें फिल्म 'गोदान'में मौका मिला। इस फिल्म के गीतों ने उन्हें पहचान दिलाई और उनके काम में स्थिरता आई। इसके बाद उन्हें राजेश खन्ना और मुमताज की फिल्म 'बंधन' में गाने लिखने का अवसर मिला, जिसमें उनका गीत 'बिना बदरा के बिजुरिया'बहुत मशहूर हुआ।

**अनजान के गाने :** इसके बाद उन्होंने कल्याणजी-आनंदजी, बप्पी लहरी, लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल और आर.डी. बर्मन जैसे दिग्गज संगीतकारों के साथ काम किया। उन्होंने बॉलीवुड को 'खइके पान बनारस वाला', 'पिपरा के पतवा सरीखा डोले मनवा' और 'बिना बदरा के बिजुरिया'जैसे हिट गाने दिए। उनके गीतों में भोजपुरी और पूर्वांचल की मिठास झलकती थी।

## अपराध की दुनिया में इंसान की जान की कीमत एक गोली से ज्यादा नहीं

# इन फिल्मों-सीरीज में दिखीं ड्रग माफिया की कहानी

***नई दिल्ली।*** *ब्राजील एक बार फिर दुनिया की सुर्खियों में है। रियो डी जेनेरियो के दो इलाकों में ड्रग माफिया के खिलाफ पुलिस की सबसे बड़ी कार्रवाई हुई, जिसमें एक ही दिन में 64 लोगों की मौत और 81 गिरफ्तारियां हुईं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने इस पर चिंता जताई है। लेकिन, ब्राजील के इन अपराधी नेटवर्क्स की गहराई और भयावहता सिर्फ वास्तविक दुनिया में नहीं, बल्कि हॉलीवुड फिल्मों में भी कई बार दिखाई गई है। रियो की बस्तियों में पलने वाले अपराध और हिंसा की कहानियां कई फिल्मों के जरिए दुनिया भर के दर्शकों के सामने आई हैं। आइए जानते हैं किन-किन फिल्मों ने ब्राजील के ड्रग माफिया को पर्दे पर उतारा।*

**फास्ट फाइव (2011) :** 'फास्ट एंड फ्यूरियस' सीरीज की यह फिल्म रियो डी जेनेरियो में शूट की गई थी। इसमें एक शक्तिशाली ड्रग किंगपिन हेर्नन रेयेस को दिखाया गया है, जो शहर पर अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए हर हद पार कर जाता है। तेज कारों, एक्शन और अपराध के बीच यह फिल्म ब्राजील की अंडरवर्ल्ड दुनिया का ग्लैमरस लेकिन खतरनाक रूप दिखाती है। इस फिल्म में विन डीजल, पॉल वॉकर और ड्वेन जॉनसन जैसे दिग्गज कलाकार शामिल हैं।

**सिटी ऑफ गॉड (2002) :** रियो डी जेनेरियो की झुग्गी बस्तियों में पलने वाले बच्चों की कहानी पर बनी यह फिल्म ब्राजील के अपराध तंत्र की सच्ची तस्वीर पेश करती है। निर्देशक फर्नांडो मीरेलेस ने दिखाया कि कैसे गरीबी और अपराध के बीच पैदा हुए बच्चे धीरे-धीरे गैंग वार्स में फंस जाते हैं। 'सिटी ऑफ गॉड' में हिंसा, डर और अपराध की वह दुनिया दिखाई गई है, जहां इंसान की जान की कीमत एक गोली से ज्यादा नहीं। इस फिल्म ने हॉलीवुड को दिखाया कि रियो की झोपड़ियों में कैसी खामोश जंग चल रही है।

**एलीट स्क्वाड (2007) :** जोस बस्टोस पडिल्हा के निर्देशन में बनी यह फिल्म ब्राजील की विशेष पुलिस यूनिट BOPE की कहानी है, जो ड्रग माफिया से जंग लड़ती है। इसमें दिखाया गया है कि पुलिस, राजनीति और अपराध की दुनिया कितनी गहराई से एक-दूसरे में उलझी है। 'एलीट स्क्वाड' ने उस सच्चाई को उजागर किया जिसे आम जनता शायद ही कभी जान पाती है। इस फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जबरदस्त सराहना मिली और इसे ऑस्कर में सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म का सम्मान भी मिला।



**एलीट स्क्वाड: द एनिमी विदिन (2010) :** पहली फिल्म का सीक्वल होने के बावजूद इसने ब्राजील के भ्रष्ट राजनीतिक तंत्र और माफिया गठजोड़ को और भी गहराई से उभारा। कहानी में दिखाया गया है कि जब सत्ता और अपराध हाथ मिलाते हैं तो आम इंसान के लिए न्याय की कोई जगह नहीं बचती। यह फिल्म बताती है कि ब्राजील में ड्रग लॉर्ड्स सिर्फ गलियों में नहीं, बल्कि सत्ता के गलियारों में भी बैठे हैं।

**ट्रैश (2014) :** तीन गरीब बच्चों की मासूम कहानी के जरिए 'ट्रैश' ब्राजील के समाज की गहराई में छिपे अपराध और भ्रष्टाचार को उजागर करती है। जब बच्चे एक रहस्यमय बैग पाते हैं, तो उनके सामने खुलती है ड्रग और पैसे की वो दुनिया जो मौत से भी ज्यादा डरावनी है। स्टीफन डॉल्ड्री द्वारा निर्देशित यह फिल्म अपराध और इंसानियत के संघर्ष की कहानी कहती है।

***नार्कोस (2015–2017) :*** *हालांकि, यह सीरीज मुख्य रूप से कोलंबिया के कुख्यात ड्रग लॉर्ड्स पर केंद्रित है, लेकिन इसके कई हिस्सों में ब्राजील को कोकीन तस्करी के ट्रांजिट हब के रूप में दिखाया गया है। बाद के सीजन्स में ब्राजीलियन कनेक्शन और माफिया के विस्तार की झलक भी देखने को मिलती है।*

***7 प्रिजनर्स (2021) :*** *यह फिल्म अपराध की उस भयावह दुनिया को दिखाती है जहां गरीबी में जी रहे युवा ड्रग्स और मानव तस्करी के जाल में फंस जाते हैं। अलेक्जेंड्रे मोराटो द्वारा निर्देशित '7 प्रिजनर्स' आधुनिक ब्राजील की सच्चाई और वहां के अपराध नेटवर्क की गहराई को उजागर करती है।*

***आउटलॉ (2022) :*** *नेटफ्लिक्स की यह सीरीज एक युवा महिला की कहानी है जो रियो की फेवला में रहती है और अनजाने में एक खतरनाक ड्रग गैंग के जाल में फंस जाती है। 'आउटलॉ'सिर्फ अपराध की कहानी नहीं, बल्कि प्रेम, धोखे और शक्ति की उस लड़ाई को दिखाती है जो फेवला की तंग गलियों से निकलकर पूरी दुनिया में गूंजती है। यह सीरीज आधुनिक ब्राजील के अंधेरे और सशक्त दोनों पहलुओं को सामने लाती है।*

## खबर संक्षेप

### ब्लाक के 10 गौठानों को गौधाम बनाने की तैयारियों को लेकर ली गई बैठक



मालखरौदा। जनपद पंचायत के सभा कक्ष में जिला स्तरी एवं खंड स्तरीय गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों का परिचय बैठक आयोजित किया गया जिसमें जनपद अध्यक्ष कवि शरण वर्मा गौ सेवा आयोग के जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष विजय साहू के द्वारा बैठक में पहुंचे ब्लॉक अध्यक्षों को बताया गया कि आगामी समय में गोठान को गोधाम में सरकार परिवर्तन कर रही है। पहले चरण में जिले के चारों ब्लॉक के 10 दस गोठान को चयनित किया गया है जहां आगामी समय में यहां समिति कार्य करेगी।

### अयोध्या दर्शन के लिए दर्शनार्थियों का दल हुआ रवाना



**पामगढ़।** छत्तीसगढ़ सरकार की महती योजना श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम के लिए जनपद पंचायत क्षेत्र पामगढ़ एवं तीनों नगर पंचायत के 50 दर्शनार्थियों का दल रवाना हुआ, जो 29अक्टूबर से 1 नवम्बर तक अयोध्या में श्री राम लला एवं बनारस में काशी विश्वनाथ का दर्शन करेंगे। आज दर्शनार्थियों को जनपद सभापति अश्विनी कुर्रे एवं जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मणि शंकर कौशिक ने बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया।

### बिर्रा थाना द्वारा एकता के लिए दौड़ का आयोजन आज

**बिर्रा।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म जयंती के अवसर पर देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकजुटता के प्रतीक के रूप में, देशभर में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बिर्रा जिला जांजगीर चाम्पा द्वारा अपने क्षेत्र में यह कार्यक्रम 31 अक्टूबर शुक्रवार को सुबह 7 बनडभरा चौंक बिर्रा में रखा गया है। रन फॉर यूनिटी एकता दौड़ बिर्रा से बनडभरा की ओर 1 किलोमीटर तक दौड़ लगाई जाएगी। एकता में ही शक्ति है – हम सब एक हैं। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सम्मिलित होकर देश की एकता और अखंडता के संकल्प को दोहराएँ।

### विधिक जागरूकता शिविर : बच्चों को बाल विवाह के दुष्टपरिणाम से कराया अवगत

**डोंगाकोहरौद।** महा ज्यो राव फूले शाउमावि डोंगा कोहरोड में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विधिक सलाहकार गजानंद कश्यप और नरेंद्र उपस्थित हुए। उन्होंने बच्चों को बाल विवाह, बाल श्रम, पास्को एक्ट के साथ साथ मौलिक अधिकार और मौलिक कर्तव्य के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। श्री कश्यप ने महिला उत्पीड़न, बालिका उत्पीड़न के बारे में बताते हुए टोल फ्री नंबर की भी जानकारी दी। आधार कार्ड और अपार आई डी बनाने पर भी जोर दिया। नव नियुक्त प्राचार्य श्री वीरेंद्र कुमार देवांगन , मंगल सिंह, गोपाल हरि चौबे, श्रीमति रीना तिवारी, श्रीमति रत्ना साहू , संकुल समन्वयक खन्ना उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन प्रमोद ध्रुव ने किया।

## निधन

### मनहरण लाल पटेल

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत बिर्रा के घनवा पारा निवासी



प्रतिष्ठित नागरिक मनहरण लाल पटेल सेवानिवृत्त कर्मचारी स्वास्थ्य विभाग का 30 अक्टूबर गुरुवार को स्वर्गवास हो गया। वह चार पुत्रों से भरा पूरा परिवार छोड़कर चले गए। वह लगभग 77 वर्ष के था। मुखाग्नि उनके द्वितीय सुपुत्र धनेश कुमार पटेल ने दिया। उसका अंतिम संस्कार नायक अमरैया स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधुओ के अलावा रिश्तेदार और ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### कलेक्टर ने अधिकारी कर्मचारियों की बैठक में दिए निर्देश

# राज्योत्सव के दौरान विकास कार्यो पर आधारित प्रदर्शनी पर दें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

राज्योत्सव के दौरान शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी पर विशेष ध्यान दे। साथ ही साथ कलाकारों को आने जाने के दौरान किसी तरह की परेशानी ना हो। इस पर भी ध्यान दे। इसके अलावा उन्होंने यूनिटी मार्च की तैयारियों की जानकारी ली।

गुरूवार 30 अक्टूबर को कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में राज्योत्सव और यूनिटी मार्च की तैयारियों को लेकर सभी विभागीय अधिकारियों की बैठक ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय सक्ती में आयोजित राज्य स्थापना दिवस समारोह-में लोकसभा क्षेत्र जांजगीर चांपा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े मुख्य अतिथि होंगी। बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला मुख्यालय सक्ती में कलेक्टर कार्यालय के समीप स्थित मैदान में 2 नवम्बर से 4 नवम्बर तक तीन दिवसीय राज्योंत्सव कार्यक्रम आयोजन के गरिमामय आयोजन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिसके लिए उन्होने कार्यक्रम स्थल पर राज्य शासन के विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं का प्रदर्शन करने और विभिन्न विभागों को उनके विभाग अंतर्गत हुवे विकास कार्यो तथा विभागीय उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होने स्थानीय कलाकारों के द्वारा शालीनतापूर्वक सांस्कृतिक कार्यक्रम कराये जाने के भी निर्देश दिए। उन्होने 1 नवम्बर से 5 नवम्बर तक की रात्रि में जिला मुख्यालय में स्थित शासकीय भवनों पर रोशनी भी कराये जाने सहित अन्य आवश्यक निर्देश सभी संबंधित विभागों को दिए है। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा शासन से प्राप्त निर्देशानुसार लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 9 नवंबर को तुर्रीधाम मंदिर से सामुदायिक भवन सक्ती तक आयोजित होने वाले यूनिटी मार्च पदयात्रा के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित विभागों को दिए। कलेक्टर ने कहा की युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाने, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाने और एकता की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से युवाओं की भूमिका पर विशेष ध्यान देते हुए यूनिटी मार्च पदयात्रा का आयोजन करना है। यह कार्यक्रम लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती को समर्पित है। उन्होने कहा कि इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करना है। बैठक में यूनिटी मार्च के आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ वाशु जैन, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र लकड़ा, अपर कलेक्टर बालेश्वर राम सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार और सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



राज्योत्सव की तैयारी को लेकर अधिकारियों को निर्देशित करते कलेक्टर

# जोहार पार्टी प्रमुख पर कार्रवाई की मांग को लेकर सिंधी समाज के लोगों ने एफआईआर दर्ज करने की मांग की

## चांपा एसडीओपी व थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



पूज्य सिन्धी समाज चाम्पा ने चाम्पा थाना में पहुंचकर आराध्य देव भगवान झूलेलाल पर अभद्र टिप्पणी करने के खिलाफ कार्यवाही करने सैकड़ो की संख्या में थाने में ज्ञापन सौंपा। साथ ही उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की।

ज्ञात हो कि जोहार पार्टी के प्रमुख अमित बघेल पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की ज्ञापन सौंपने प्रमुखरूप से पूज्य सिन्धी पंचायत के मुखी द्वय लक्ष्मणदास थवानी, सुनील साधवानी, संरक्षक चन्दरमल माखीजा, मोहन भाई साहब,वरिष्ठ गंगाराम चंदनानी, श्रीचंद चंदनानी भागचंद लक्षवानी,लालचंद धमेचा, गोपी वीरानी, मोहन गुलाबानी, राम ख़ूबवानी मनोज धमेचा, मनोहर खूबचंदानी, नवीन थवानी, सुनील मनवानी, सच्चानन्द साधवानी, विनोद थवानी, दिलीप जसवानी ,मनोहर जेठानी, किशोर गोदेजा, मोती जेठानी, किशोर मनवानी शंकर गुरनानी, अर्जुन मीरचंदानी, लक्ष्मण साधवानी, डॉ सुरेश वीरानी, विक्की मनवानी, अनिल जसवानी, पंकज चंदानी, अमित साधवानी, अनिल वीरानी, शंकर गुरनानी, रमेश सचदेवा, विजय गुरनानी, मनोहर धमेचा, अनिल चंदानी, सुंदर गुरनानी, राहुल चंदानी, राकेश साधवानी, योगेश वासवानी, अमित लालवानी, ईश्वर जसवानी, आकाश भोजवानी, राम साधवानी, आशीष धमेचा, कमल साधवानी सहित समाज के युवा उपस्थित रहे।

### महापुरूषों पर अशोभनीय टिप्पणी को लेकर नगरवासियों ने खोला मोर्चा



**अकलतरा।** रायपुर में अमित बघेल के द्वारा महाराज अग्रसेन सहित संत झूलेलाल, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय व अन्य महापुरुषों पर अशोभनीय टिप्पणी किए जाने के विरोध में श्री अग्रवाल सेवा समिति अकलतरा के द्वारा थाना प्रभारी भास्कर शर्मा को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की गई है। श्री अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष विजय केडिया ने कहा कि संतों एवं महापुरुषों के विरुद्ध और मर्यादित टिप्पणी किए जाने से अग्रवाल समाज आक्रोशित है अमर्यादित टिप्पणी करने वाले पर विधिवत कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों मेंविजय केडिया, दीनदयाल अग्रवाल,जुगल लिखमानिया , रतन अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, मनोज अग्रवाल,मनोज गोयल,गोपेश तुलस्यान, राजन केडिया,सुमित केडिया (अधिवक्ता), हितेश पालीवाल, सुशांत अग्रवाल, नवल केडिया एवं समाज के प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा से क्षेत्र हो जाता है भक्ति मय : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पेंड्री में साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण का आयोजन किया जा रहा हैं। कथा व्यास पर पंडित विनोद कुमार दुबे विराजमान हैं, जो प्रतिदिन अपनी मुखरवाणी से कथा श्रवण करा रहे है।

श्रीमद् भागवत के आठवें दिवस जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति राजकुमार साहू श्रीमद् भागवत श्रवण करने पहुंचे। श्री साहू द्वारा ब्यास पीठ का विधिवत पूजन-अर्चना कर क्षेत्र के सूख समृद्धि की कामना किये। उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि गांव में श्रीमद् भागवत कथा होने से पूरा गांव भक्ति मय हो जाता हैं और सभी पुण्य के भागीदार बन जाते हैं। इस तरह का आयोजन होते रहना चाहिए ताकि लोगों को भक्ति के माध्यम ज्ञान की बातें मिलते रहे। सुदामा चरित्र की कथा सुनाते हुए पंडित विनोद दुबे बताया कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र श्रीकृष्ण से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। सुदामा भगवान कृष्ण के अनन्य मित्र थे। उन्होंने भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण किया। अत्यंत गरीबी के बाद भी उन्होंने हमेशा सदमार्ग और कर्तव्य परायणता के मार्ग का अनुशीलन किया। सुदामा चरित्र हमें जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करने की सीख देता है। सुदामा ने भगवान के पास होते हुए अपने लिए कुछ नहीं मांगा। इस दौरान यजमान पूर्व जिला पंचायत सदस्य गणेश राम साहू आचार्य अमित मिश्रा दहिदा सरपंच सुरेश साहू और काफी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।



कथा श्रवण करने पहुंचे जिपं सदस्य साहू।

# महिला जागरूकता समिति द्वारा विभिन्न स्पर्धाओं का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

शासकीय एमएमआर पीजी कॉलेज चाम्पा में महिला जागरूकता एवं साइंस क्लब के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ एच पी खैरवार के संरक्षण एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ बी डी दीवान के मार्गदर्शन में किया गया। महिला जागरूकता समिति द्वारा पूजा थाल सजाओ प्रतियोगिता, मेहंदी, रंगोली, पुष्प सज्जा, सलाद सज्जा, केश सज्जा,छत्तीसगढ़ी व्यजंन प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़, स्लो सायकिल रेस का आयोजनकिया गया। छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार छत्तीसगढ़ी व्यंजन बरा, बबरा, देहरौरी, सोहारी, चनौरी, गुलगुल भजिया, अंगाकर, चीला, चौसल्ला बनाये थे।

कुर्सी दौड़ और स्लो सायकिल रेस बालक एवं बालिका वर्ग के लिए था। साइंस क्लब द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता थीम पर आधारित था। मॉडल प्रतियोगिता में चलित तथा अचलित मॉडल बनाये थे। विज्ञान क्लब द्वारा प्रश्न मंच का भी आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में महिला जागरूकता एवं विज्ञान क्लब प्रभारी डॉ नीलिमा पाण्डेय, डॉ सुनीता राठौर, विवेक जायसवाल, मनोज हंसराज, डॉ एल पी मिरी , रंजीता कटकवार, पार्वती कर्ष, अर्चना चंद्रा, सोनाली राठौर, गिरजा प्रसाद पटेल, डॉ रमेश मिश्रा, क्षमा देवांगन, भारती पटेल, रेणुका साहू तथा समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे ।



प्रतियोगिता में शामिल महिलाएं।

# सिलादेही में यातायात जनजागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को नियमों के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिलादेही में यातायात जन जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को समझाइश देकर यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के लिए अपील किया गया।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा उमेश कश्यप के निर्देशन में और यदुमणि सिदार अनुविभागीय पुलिस अधिकारी चांपा के कुशल मार्गदर्शन में बिर्रा थाना के थाना प्रभारी निरीक्षक जय कुमार साहू के नेतृत्व में ग्राम सिलादेही में यातायात जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था। वहां पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पुलिस थाना बिर्रा के थाना प्रभारी निरीक्षक जयकुमार साहू ने ग्रामीणों से कहा कि हम सभी को बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन नहीं चलाना चाहिए। मोटरसाइकिल में तीन सवारी नहीं बैठाना है। इसके साथ ही नशे की हालत में या शराब की सेवन करके कोई भी वाहन नहीं चलाना है।यातायात नियमों का पालन करने से आजकल की सबसे बड़ी समस्या सड़क दुर्घटना में धीरे-धीरे कमी आएगी। टीआई जय कुमार साहू ने कहा कि अपने-अपने वाहनों का निर्धारित समय सीमा में बीमा कराना और प्रदूषण बनवाना बहुत ही जरूरी है। जिससे जन के साथ धन की भी सुरक्षा होगी। जिसके कारण चालान कटने से बच सकते हैं। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक जयकुमार साहू के अलावा थाना स्टाफ, पंचायत पदाधिकारी गण और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।










